दिन–मंगलवार | दिनांक– 18/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि– 05 मिनट

---

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गयी है। एनडीए गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच नई सरकार के स्वरूप को लेकर बातचीत का दौर जारी है। जानकारी के अनुसार आज नई दिल्ली में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बातचीत के दौरान बीस नवम्बर को मुख्यमंत्री के साथ कितने मंत्री शपथ लेंगे इस बिंदु पर भी विचार–विमर्श किया गया। जदयू नेताओं का भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान के साथ भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

इधर, बीस नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए पटना के गांधी मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कल गांधी मैदान पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। इधर, विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़ी संख्या में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए शासित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसे देखते हुए एसपीजी ने गांधी मैदान की सुरक्षा की कमान संभाल ली है। पटना जिला प्रशासन ने बीस नवम्बर तक गांधी मैदान को आम लोगों के लिए बंद कर दिया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन में पहले से ही यह तय कर लिया गया था। श्री कुशवाहा ने कहा कि शीघ्र ही एनडीए गठबंधन के घटक द्वारा नई सरकार में शामिल होने वाले मंत्रियों के नाम भी तय कर लिए जायेंगे।

———————————————————————————

जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वे स्वयं लेते हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री किशोर ने कहा कि नई सरकार से अपेक्षा है कि वह बिहार के लोगों से किये गए वायदे को पूरा करे। श्री किशोर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की बात उन्होंने की थी लेकिन चुनाव में जनता ने उन्हें नकार दिया। इसे लेकर वे प्रायश्चित करेंगे और महात्मा गांधी के भितीहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास रखेंगे।

———————————————————————————

नकली क्यूआर कोड चिपकाकर लोगों के साथ साइबर ठगी करने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में अधिकारियों को जांच अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इधर, दूरसंचार विभाग ने परामर्श जारी कर लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड से पेमेंट करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि स्कैन करने के बाद प्राप्तकर्ता का नाम और विवरण की जांच करें और डिजिटल लेन–देन केवल अधिकारिक और भरोसेमंद ऐप के माध्यम से ही करें।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में पश्चिमी हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान दस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतर भागों में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। इसके बाद प्रदेशभर में तापमान में क्रमिक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

———————————————————————————

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने शराब बरामदगी के मामले में दोषी एक व्यक्ति को दस साल कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

नवादा जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय समेत सभी थानों में नशामुक्ति दिवस के अवसर पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने नशामुक्ति की शपथ ली।

बक्सर जिले के औद्योगिक थाना अंतर्गत कथकौली के पास पटना–बक्सर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–नौ सौ बाईस पर सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गयी। जबकि ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

—————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।